

# कौन है वो पाकिस्तानी क्रिकेटर, जिस पर लगा बलात्कार का आरोप?

## 2020 में बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तानी टीम के लिए किया था डेब्यू



**नई दिल्ली 9 अगस्त. पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर पूरे विश्व में शर्मसार हुआ है. दरअसल, इंग्लैंड में क्रिकेट खेलने गए पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली पर बलात्कार का आरोप लगा है.**

उन्हें इंग्लैंड में एक लड़की के बलात्कार के आरोप में मैनचेस्टर पुलिस ने गिरफ्तार किया. इसके बाद क्क्ष्टक्क ने इस क्रिकेटर को निलंबित कर दिया है. यहां जानें उनके जीवन का पूरा कच्चा चिट्ठा. 24 साल के हैदर अली ने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था. हैदर ने स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान के लिए डेब्यू किया था. हैदर अली को बाबर आजम का करीबी भी कहा जाता है. हैदर ने पाकिस्तान के लिए कुल 37 इंटरनेशनल मैच खेले हैं.

हैदर अली का जन्म 2 अक्टूबर, 2000 को पाकिस्तान के पंजाब के अटक में हुआ था. हैदर अली ने 2023 में पाकिस्तान के लिए आखिरी बार 2023 में इंटरनेशनल क्रिकेट खेला था. वह एशियन गेम्स में पाकिस्तान के लिए खेले थे. 2020 में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था. हैदर अली ने पाकिस्तान के लिए 35 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 505 रन बनाए हैं.

इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक निकले हैं. हैदर ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में ही अर्धशतक जड़ा था. इसके अलावा हैदर ने पाकिस्तान के लिए दो वनडे खेले, जिसमें उन्होंने 42 रन बनाए. पाकिस्तान-ए टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए स्टार बल्लेबाज हैदर अली पर एक महिला ने रेप और मारपीट का आरोप लगाया है. 24 साल के हैदर अली पाकिस्तान-ए टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर गए हैं. इंग्लैंड में उन्हें ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने गिरफ्तार किया. हालांकि, बाद में उन्हें जमानत मिल गई.

अभी महिला की उम्र को लेकर खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन अगर महिला की उम्र 16 साल या उससे कम होगी तो फिर हैदर अली बुरे फंस सकते हैं. इंग्लैंड में रेप के दोषी को 4 साल से 19 साल तक की सजा हो सकती है. फिलहाल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हैदर अली को सस्पेंड कर दिया है.

### पहले भी निलंबित हो चुके हैं हैदर अली

इससे पहले 2021 में भी पीसीबी ने हैदर अली को निलंबित किया था. 2021 में अबू धाबी में पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान कोविड प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए क्क्ष्टक्कद्वारा हैदर अली को निलंबित किया था. तब सजा के रूप में उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम से हटा दिया गया था.

### क्या पहले से थी दोस्ती

वो महिला कौन है, जिसने पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली पर रेप का आरोप लगाया है. इसके साथ कई सवाल और उठे कि क्या वह क्रिकेटर को पहले से जानती थी या उनकी दोस्त थी. क्या हैदर अली उस महिला को पहले से जानते थे, जिसने उन पर रेप के आरोप लगाए हैं. क्या वह पाकिस्तानी क्रिकेटर की दोस्त थी या स्टाफ की कोई महिला? क्या वह हैदर अली की गर्लफ्रेंड थी? कई बार देखा गया है कि इस तरह के आरोप लगाने वाली महिला आरोपी को पहले से जानती थी, या उसकी दोस्त थी. अगर अली को महिला पहले से जानती थी तो उनकी दोस्ती कैसे हुई, अगर नहीं तो फिर दोनों कहां और क्यों मिले थे. पाकिस्तानी क्रिकेटर पर रेप का आरोप लगाने वाली महिला किस देश की थी, क्या वह पाकिस्तान की ही थी या इंग्लैंड की रहने वाली थी या किसी अन्य देश की? ये भी एक बड़ा सवाल है कि रेप के आरोपों के साथ महिला ने अपनी शिकायत में और क्या कुछ कहा है. क्या पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर अली ने महिला के साथ मारपीट भी की? क्योंकि अगर जबरन उन्होंने महिला के साथ कुछ किया है तो इसकी संभावना बढ़ जाती है. या महिला को नशीला पदार्थ देकर उनके साथ ऐसा घिनौना काम किया गया. इंग्लैंड में रेप के दोषी को 4 साल से 19 साल तक की सजा हो सकती है. अगर हैदर अली दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कम से कम 4 साल की सजा तो होगी ही, हालांकि ये सबसे कम सजा है और ऐसा बहुत कम दोषियों के साथ किया गया है. बड़ी बात ये होगी कि महिला के पास कितने पुख्ता सबूत हैं.



# रमेश बुदिहाल ने रचा इतिहास

## एशियाई सर्फिंग स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

**चेन्नई, 9 अगस्त (वार्ता) शीर्ष भारतीय सर्फर रमेश बुदिहाल ने आज यहां से लगभग 50 किलोमीटर दूर महाबलीपुरम में आयोजित एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया।**

इस स्पर्धा के छठे दिन शानदार प्रदर्शन, असाधारण प्रदर्शन और एक ऐसा क्षण देखने को मिला जो भारत के खेल इतिहास में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

कल चार भारतीय सर्फरों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के अभूतपूर्व प्रदर्शन के बाद,आज सभी की निगाहें महाबलीपुरम के प्रसिद्ध राइट-हैंड पॉइंट ब्रेक पर थीं क्योंकि प्रतियोगिता निर्णायक नॉकआउट चरणों में प्रवेश कर गई। ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल और सेमीफाइनल, ओपन महिला सेमीफाइनल, अंडर-18 लड़कों के क्वार्टरफाइनल और अंडर-18 लड़कियों के क्वार्टरफाइनल जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन नॉकआउट मुकाबलों, उच्च दबाव वाले प्रदर्शनों और इतिहास रचने वाले क्षणों से भरा रहा। टीम इंडिया ने ओपन पुरुष क्वार्टरफाइनल में तीन सर्फरों के साथ दिन की शुरुआत की और यह एक ऐसा दिन बन गया जो भारतीय सर्फिंग इतिहास में दर्ज हो जाएगा।

> भारत के शीर्ष सर्फर, रमेश बुदिहाल ने क्वार्टरफाइनल हीट 1 में दबाव में लहरों के चयन और संयम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और नील सांचेज (पीएचएल) – 12.80 को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में आगे बढ़ते हुए, रमेश ने एक सटीक समय पर, उच्च स्कोरिंग प्रदर्शन के साथ अपनी गति बनाए रखी जिससे उन्हें एक तनावपूर्ण हीट में दूसरा स्थान मिला और उन्होंने फाइनल में जगह पक्की कर ली – किसी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय सर्फर बन गए। भारत के किशोर कुमार (10.50) ने क्वार्टरफाइनल हीट 4 में कड़ी टक्कर दी, जिसमें उन्होंने कठिन मोड़ और महत्वपूर्ण चालें चलीं।

### ऋषभ यादव ने जीता तीरंदाजी में कांस्य

**चेंगदू (चीन), 9 अगस्त (वार्ता)** ऋषभ यादव ने वर्ल्ड गेम्स 2025 में शनिवार को पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य जीतकर भारत के लिए दूसरा पदक जीता। आज खेले गये कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ यादव ने हमवतन अभिषेक वर्मा को 149-147 से हराकर पोडियम स्थान हासिल किया। पहले राउंड में ऋषभ यादव ने अभिषेक वर्मा को 30-29 से हराया, जिसके बाद दोनों ने दूसरे सेट में 29 और तीसरे सेट में 30 अंक बनाए। इसके बाद ऋषभ यादव ने चौथे सेट में 30-29 अंक हासिल करके अपनी बढ़त दो अंकों तक की बढ़त हासिल की.

# सिनसिनाटी ओपन टेनिस में कार्टल-वीनस हारीं

## पहले दौर में दिग्गज खिलाड़ियों को झटका

**ओहायो (अमेरिका), 9 अगस्त (वार्ता)** ब्रिटेन की सोनाए कार्टल और अमेरिका की वीनस विलियम्स को सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है।

**कैरोलिन गार्सिया ने सोनाए कार्टल को हराया**

**गार्सिया की 19 मार्च के बाद पहली जीत**

शुक्रवार को खेले गये मुकबले में ब्रिटेन की सोनाए कार्टल को सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में उनकी फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी कैरोलिन गार्सिया ने 7-5, 4-6, 3-6 से हराया। पूर्व विश्व नंबर चार गार्सिया का अब अगले दौर में मुकाबला चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। 31 वर्षीय गार्सिया की 19 मार्च के बाद यह पहली जीत है। उन्होंने मई में घोषणा की थी कि वह इस साल के आखिर में संन्यास ले लेंगी। कार्टल की हार के बाद, साथी ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बोल्टर और जैकब फर्नले भी पहले दौर से बाहर हो गए। 29 वर्षीय बोल्टर को सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच ने 6-0, 7-5 से हराया। अब डैनिलोविच का सामना दूसरे दौर में एम्मा रादुकानू से होगा।




दूसरी ओर, पांच बार की विंबलडन चैंपियन वीनस विलियम्स दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बूजास मानेरो से हार गईं। 45 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी को पिछले महीने वाशिंगटन में सिटी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने के बाद सिनसिनाटी में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था, लेकिन उन्हें अपनी स्पेनिश प्रतिद्वंद्वी से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

# पंत एशिया कप से बाहर हो सकते हैं

**नई दिल्ली 9 अगस्त.** क्रिकेट एशिया कप 2025 को शुरू होने में अब 1 महीने का समय का बचा हुआ है, 9 सितंबर से टूर्नामेंट यूएई में खेला जाएगा. इससे पहले

**भारतीय टीम के लिए बुरी खबर**

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक बुरी खबर आई है.

विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण एशिया कप से बाहर हो सकते हैं. वह सिर्फ इस टूर्नामेंट में नहीं बल्कि इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भी नहीं खेलेंगे. बता दें कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्होंने उस मैच में बल्लेबाजी की थी लेकिन अंतिम टेस्ट से बाहर हो गए थे. एशिया कप 2025 का आयोजन 9 फरवरी से 28 सितंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा. भारत का पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के साथ है, इसके बाद 14 सितंबर को भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला होगा. ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया अपना आखिरी मैच 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ खेलेगी.

### वेस्ट इंडीज के खिलाफ भी नहीं उतरेंगे




ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में चोटिल हुए थे. क्रिस वोक्स की एक गेंद सीधा पंत दाएं पैर के जूते पर जाकर लगी थी, जिस पर वह रिवर्स शॉट मारने का प्रयास कर रहे थे. पहले ही दिन चोट लगने के बाद वह मैदान से बाहर चले थे. स्कैन में पता चला कि उनके पैर कि उंगली में फ्रैक्चर है. हालांकि वह बल्लेबाजी करने आए और अर्धशतकीय पारी खेली. वह 5वां टेस्ट नहीं खेले थे. बताया गया था कि वह करीब 6 ह?तों तक मैदान से दूर रहेंगे.



# विराट और अनुष्का को खिलाया सांप का मांस? वीगन कपल की डिश को लेकर मचा बवाल

**नई दिल्ली.** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपनी एनिवर्सिरी या बर्थडे पर प्राइवेट डिनर करना काफी पसंद करते हैं. वहीं ये दोनों की वीगन हैं, यानी कि विराट और अनुष्का पशुओं से बने या उनसे मिलने वाले किसी भी पदार्थ को खाना पसंद नहीं करते. ऐसे में एक बार चेफ हर्ष दीक्षित उनके लिए एक वियतनामी डिश बनाई, जिसका नाम था- फो. ये डिश चिकन और बीफ से मिलकर बनती है, लेकिन विराट-अनुष्का दोनों ही वीगन हैं, इसके लिए हर्ष दीक्षित ने इसे शाकाहारी अंदाज में कपल के लिए तैयार किया. हर्ष दीक्षित ने विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के साथ एक फोटो भी शेयर की, ये फोटो तब की है जब ये कपल 2019 में अपनी दूसरी शादी की सालगिरह सेलिब्रेट कर रहा था. चेफ हर्ष ने अपनी पोस्ट में लिखा कि वियतनामी खाने में सांप बहुत होते हैं. यहां के फूड में सांप की शराब और मांस भी होता है, तो मैंने सोचा कि इन शाकाहारियों को सांप तो खिलाने चाहिए. चेफ हर्ष ने लौकी में मूंगफली, नारियल, टोफू और थोड़े से धनिये के साथ इसकी फिलिंग की और स्मोक भी दिया. इस डिश में हर्ष ने पानी एनोकी मशरूम और मिर्च भी डाली. हर्ष ने अपनी पोस्ट के साथ इस शाकाहारी फो की पूरी रेसिपी भी शेयर की.

## कौन है ये मुस्लिम दिग्गज, जिसे विराट कोहली ने कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है. इस फोटो में विराट के साथ हाथ में बल्ला लिए एक शख्स नजर आ रहा है, जिस क्रिकेटर ने अपनी पोस्ट में थैंक्स भी लिखा है. विराट के साथ खड़े इस शख्स का नाम नईम अमीन है, जो कि आईपीएल की फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस टीम के असिस्टेंट कोच हैं. इसके साथ ही ये पेशेवर और शौकिया क्रिकेटरों को ट्रेनिंग भी देते हैं और बेहतर क्वालिटी के इक्विपमेंट भी देते हैं. विराट कोहली ने इस मुस्लिम दिग्गज नईम अमीन के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा कि %हिट के साथ मुझे मदद करने के लिए शुक्रिया भाई. मुझे तुमसे मिलकर हमेशा अच्छा लगता है.




# बोडोलैंड एफसी ग्रुप डी में शीर्ष स्थान पर

## पंजाब एफसी डूरंड कप से हुई बाहर

**कोकराझार, 9 अगस्त (वार्ता) स्थानीय टीम बोडोलैंड एफसी ने कोलंबियाई स्ट्राइकर रॉबिन्सन ब्लैंडन रेंडन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत आईएसएल टीम पंजाब एफसी को उसके घरेलू दर्शकों के सामने हराकर 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया।**

यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। इस हार के साथ, पिछले साल की क्वार्टर फाइनलिस्ट पंजाब एफसी दो मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप चरण का अभियान समाप्त करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि बोडोलैंड एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। बोडोलैंड एफसी के मुख्य कोच विकास पंथी ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में एक बदलाव करते हुए घाना के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब्दुल समद अंगो को दानस्वरांग बसुमतारी की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया। वहीं पंजाब एफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस दिलमपेरिस ने अपनी शुरुआती लाइन-अप में दो बदलाव करते हुए अनुभवी मिडफील्डर प्रिंस्टन रेबेलो और डिफेंडर प्रमवीर सिंह को बिजॉय वर्गीस और लियोन ऑगस्टाइन की जगह 4-2-3-1 फॉर्मेशन में शामिल किया। पहला हाफ भारी बारिश के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब एफसी ने बोडोलैंड एफसी के खिलाफ तुरंत बढ़त बना ली। निखिल प्रभु ने पीछे से बढ़त बनाई और मिडफील्ड में पास दिए, जहां प्रिंस्टन रेबेलो ने शानदार शुरुआत की और एक ऐसा शॉट लगाया जो क्रॉसबार के ठीक ऊपर से निकल गया। विंग्स पर, विशाल और सुहैल ने मौके बनाने की कोशिश की और शुरुआती आदान-प्रदान के दौरान बोडोलैंड को अपने ही हाफ में रोके रखा।

> बोडोलैंड ने दबाव में होने के बावजूद आक्रामक इरादे दिखाए। ग्वुग्मसर ने जूनियर को एक शानदार थ्रू बॉल दी, जिसका निचला शॉट पंजाब के गोलकीपर रवि कुमार ने सुरक्षित रूप से रोक लिया। जब एस. मेइतेई ने आखिरी क्षणों में एक चुनौती का सामना किया, तो यह शारीरिक संघर्ष और भी तेज हो गया, जिसके लिए उन्हें खेल का पहला पीला कार्ड मिला। पंजाब के क्षेत्रीय प्रभुत्व के बावजूद, बोडोलैंड की रक्षात्मक जोड़ी, मोसांग बासुमतारी और दिनेश बासुमतारी, मज़बूती से डटे रहे, क्रॉस को रोकते रहे और शॉट्स को रोकते रहे।

# 17 साल का खिलाड़ी क्रिकेट टीम का बना कप्तान

**नई दिल्ली 9 अगस्त. इंटरनेशनल क्रिकेट में 17 साल की उम्र में डेब्यू करना ही बड़ी बात है. वहीं एक खिलाड़ी ऐसा है, जिसे इस उम्र में टीम की कमान भी मिल गई है.**

जैक वुकुसिक ऐसा खिलाड़ी बन गया है, जिसने महज 17 साल की उम्र में क्रोएशिया क्रिकेट टीम के लिए कप्तानी कर ली है. इसी के साथ ये प्लेयर सबसे युवा इंटरनेशनल कैप्टन बन गया है. वहीं भारत के वैभव सूर्यवंशी 14 साल के हैं और ये युवा खिलाड़ी भी टीम इंडिया में शामिल होने के लिए तैयार नजर आ रहा है.

जैक वुकुसिक की कप्तानी में क्रोएशिया का मुकाबला गुरुवार,




7 अगस्त को जाग्रेब में साइप्रस क्रिकेट टीम के साथ हुआ. इस दिन दोनों टीमों के बीच दो मैच खेले गए और दोनों मुकाबलों में ही क्रोएशिया की हार हुई. जैक जिस दिन इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे युवा कप्तान बने हैं, उस दिन इस खिलाड़ी की उम्र 17 साल 311 दिन थी.

### वैभव सूर्यवंशी डेब्यू के लिए तैयार

वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2025 के बाद से ही लगातार चर्चा में बने हुए हैं कि क्या वे भारत की इंटरनेशनल क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं या नहीं. वैभव को भारत की अंडर-19 टीम में ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला. इस दौरे पर वैभव के बल्ले से खूब रन निकले. वहीं आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीयों की लिस्ट में टॉप पर वैभव सूर्यवंशी का नाम है. इनसे आगे सभी खिलाड़ियों में केवल क्रिस गेल हैं. वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि अगर ये खिलाड़ी ऐसे ही खेलता रहा तो अगले 2-3 साल में टीम इंडिया का हिस्सा बन सकता है. वहीं भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है. सचिन ने 16 साल 238 दिन की उम्र में भारत के लिए अपना पहला मैच खेला था.

**आवेदन** — सीओई के हेड वीवीएस लक्ष्मण भी छोड़ना चाहते हैं पद

# भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को नए कोचों की तलाश

**नई दिल्ली 9 अगस्त. गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली समेत पुराने कोचों के जाने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्टढ्ढ) ने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए नए कोचों की तलाश शुरू कर दी है.**

बीसीसीआई ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी, मेडिसिन विभाग और खेल विज्ञान में शीर्ष पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं. वीवीएस लक्ष्मण का कार्यकाल भी इस साल के अंत में खत्म हो रहा है, वह भी अपने पद पर नहीं बने रहना चाहते. ऑस्ट्रेलिया के पूर्व फर्स्ट क्लास क्रिकेटर गेंदबाजी कोच कूली का बीसीसीआई के साथ 3 वर्षीय करार खत्म हो गया था. 59 साल के कूली कार्यकाल में विस्तार पर थे. उन्हें 2021 में एनसीए का गेंदबाजी कोच बनाया गया था. कूली की जगह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह ले सकते हैं. उन्होंने कूली के साथ भी काम किया है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड हैं, जिनका कार्यकाल इसी साल आखिरी में खत्म होने जा रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनके कार्यकाल विस्तार की संभावना कम है क्योंकि लक्ष्मण अपने कार्यकाल को ब?ना नहीं चाहते, वह अपना पद छो?ना चाहते हैं. ऐसी संभावना है कि बीसीसीआई उन्हें 2027 वर्ल्ड कप तक अपने पद पर बने रहने के लिए कहे.




### पिछले कुछ समय में कई इस्तीफे

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पिछले कुछ समय में कई इस्तीफे देखने को मिले हैं. मेडिकल टीम के हेड नितिन पटेल ने मार्च में अपने पद से इस्तीफा दिया था. साइराज बहुतुले (स्पिन गेंदबाजी कोच) भी जा चुके हैं जो अब आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के स्टाफ में शामिल हैं. सितांशु कोटक जनवरी 2025 में भारत की नेशनल टीम के बल्लेबाजी कोच बने, जो पहले सीओई में थे. इसके बाद कई पद खाली है. बीसीसीआई ने गुरुवार को 3 मुख्य पदों के लिए विज्ञापन दिया है. इसमें बताया गया है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच के लिए उम्मीदवार का पूर्व फर्स्ट क्लास या इंटरनेशनल क्रिकेटर होने अनिवार्य हैं. उनके पास बीसीसीआई के लेवल 2 या 3 का कोचिंग सर्टिफिकेट भी होना चाहिए. बल्लेबाजी कोच के उम्मीदवार के पास प्रदेश या एलिट युवा स्तर पर कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए. गेंदबाजी कोच के लिए भी इतना ही अनुभव मांगा गया है. खेल विज्ञान या संबंधित विषय में मास्टर्स डिग्री प्राप्त स्पोर्ट्स मेडिसिन हेड के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. उनके पास भी कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए. 20 अगस्त आवेदन भेजने की लास्ट डेट है